नारीलोक

मई 2026 अंक 334

अध्यक्षीय कार्यालय
SUMAN NAHATA
G-67, Kirti Nagar, New Delhi, 110015
Mob no: 9818854120
Email: sumannahata67@gmail.com

अध्यक्षीय टंकार

मेरी प्यारी बहनों!
सस्नेह जय जिनेन्द्र!

आज का युग परिवर्तन का युग है। नारी का कर्तृत्व आकाश की बुलंदियों को छू रहा है। वह घर की चौखट से निकलकर शिक्षा, विज्ञान, प्रशासन, व्यापार, साहित्य और अध्यात्म- हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही है। आत्मनिर्भरता की यह यात्रा न केवल उसकी क्षमता का प्रमाण है, बल्कि समाज की चेतना में आए सकारात्मक बदलाव का भी संकेत है। किन्तु इस प्रगति के साथ एक प्रश्न भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या हम इस विकास के साथ अपने पारिवारिक और वैवाहिक जीवन को भी उतना ही सुदृढ़ बना पा रहे हैं? आज की नारी कैरियर और परिवार के बीच संतुलन बनाने की चुनौती से गुजर रही है। कभी-कभी सफलता की दौड़ में वह अनजाने में अपने रिश्तों की कोमलता से दूर होने लगती है। जबकि भारतीय संस्कृति में विवाह केवल एक सामाजिक अनुबंध नहीं, बल्कि 'पाणिग्रहण' - आजीवन साथ निभाने का पवित्र संकल्प है। थोड़ी-सी असहमति, अहं का टकराव या संवादहीनता यदि रिश्तों को तोड़ने लगे, तो यह हमारे संस्कारों और धैर्य की परीक्षा है। गणाधिपति आचार्य श्री तुलसी कहा करते थे- "स्थान बदलने से पहले स्वभाव बदलने की सोचो।" यह वाक्य आज के दाम्पत्य जीवन की एक महत्वपूर्ण कुंजी है। पति-पत्नी का रिश्ता प्रेम, विश्वास, संवाद और समझदारी पर टिका होता है। यदि हम एक-दूसरे की भावनाओं को समझें, समय दें और सच्चे मन से सराहना करें, तो जीवन का हर संघर्ष सहज हो सकता है। प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक विलियम जेम्स ने कहा है कि 'हर व्यक्ति की गहरी इच्छा होती है कि उसे सराहा जाए।' यदि हम अपने जीवनसाथी की सच्ची प्रशंसा करें, तो यह रिश्तों को मजबूत बनाने का एक सरल और प्रभावी उपाय बन सकता है। इसी संदर्भ में आचार्य महाप्रज्ञ जी का यह संदेश अत्यंत प्रेरणादायक है- "भाग्य को कोसने के बजाय उसके निर्माण में लगो।" यदि हम अपने जीवन और रिश्तों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं, तो हर समस्या का समाधान संभव है। बहनों! हमें उन अवसरों का सदुपयोग करना चाहिए, जो हमें अपने रिश्तों को सुदृढ़ करने और परिवार के साथ जुड़ने का समय प्रदान करते हैं। गर्मी की छुट्टियाँ हमारे लिए एक अनमोल अवसर हैं। यह समय केवल विश्राम का नहीं, बल्कि आत्ममंथन और अपने रिश्तों को सुदृढ़ बनाने का भी है। अतः आप सभी बहनों से मेरा विनम्र आग्रह है कि इन छुट्टियों को सार्थक बनाने के लिए कुछ सार्थक प्रयास जरूर करें, जैसे कि-

- परिवार के साथ आत्मीय समय बिताएँ। केवल साथ बैठना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि मन से जुड़ना आवश्यक है।
- दाम्पत्य जीवन में संवाद को प्राथमिकता दें। मन में संचित शिकायतों को समय रहते सुलझाएं।
- स्वयं के व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान दें- अध्ययन, साधना और आत्मचिंतन के माध्यम से।

हमें यह समझना होगा कि कैरियर बनाना जितना आवश्यक है, घर बनाना उससे कम महत्वपूर्ण नहीं है। एक सफल महिला वही है, जो अपनी प्रतिभा को विकसित करते हुए अपने परिवार को भी प्रेम और संस्कारों से सींचे। क्योंकि अंततः सुख का वास्तविक आधार हमारे रिश्ते ही होते हैं। आइए, इस गर्मी की छुट्टियों को हम एक 'संकल्प पर्व' बनाएं- अपने रिश्तों को मजबूत करने का, अपने व्यक्तित्व को निखारने का, और अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का।

मेरी प्यारी बहनों! परमपूज्य ज्योतिचरण आचार्य श्री महाश्रमण जी के नेतृत्व में तेरापंथ समाज में नारी सृजन एवं कर्तृत्व के नए-नए आयाम विकसित हो रहे हैं, जिससे हमारा नारी समाज आत्मविश्वास से परिपूर्ण हुआ है। आज आवश्यकता है कि हम इस आत्मविश्वास को केवल व्यक्तिगत प्रगति तक सीमित न रखें, बल्कि परिवार सुदृढ़ीकरण, संस्कार संवर्धन और सामाजिक जागरण के कार्यों से भी जोड़ें।

बहनों! हमें बड़ा सोचने और बड़ा करने का साहस विकसित करना होगा। महान दार्शनिक डिजरायली का कथन है कि "जीवन इतना छोटा है कि उसे संकीर्ण सोच में बाँधकर जीना उचित नहीं।" एक कहावत भी है- "आप चीलों के साथ नहीं उड़ सकते, जब तक आप मुर्गियों के साथ घूम रहे हैं।" अर्थात, जब तक हम अपनी सोच और संगति को ऊँचा नहीं करते, तब तक ऊँची उड़ान संभव नहीं। बिना साहसिक कदम उठाए बड़ी उपलब्धियाँ नहीं मिलतीं। जब तक हम ऊँचा दांव खेलने का साहस नहीं जुटाते, तब तक भव्य और सफल जीवन की कल्पना भी अधूरी ही रह जाती है।

अंत में, सभी शाखा मंडलों की बहनें अपने-अपने क्षेत्र में नारी जागरण, परिवार सुदृढ़ीकरण और संस्कार संवर्धन की अलख जगाएँ। यही हमारी सच्ची साधना, यही हमारी सफलता और यही गुरुदेव तुलसी के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मंगल भावनाओं के साथ- शुभ भविष्य आपका इंतजार कर रहा है।

स्नेहाकांक्षी
सुमन नाहटा

उषा

भिक्षुगाथा

महान आत्मबल के धनी - आचार्य श्री भिक्षु

आचार्य रघुनाथ जी से पृथक होने के पश्चात स्वामीजी को कुछ समय तक अत्यंत विरोध का सामना करना पड़ा था। स्वामीजी के पास उस समय हर प्रकार की सामग्री का प्रायः अभाव ही था। जहां जाते वहां अधिकांश लोग उनके विरोधी होते और यदि कोई सहायक भी होता तो सामाजिक बहिष्कार के भय से खुलकर सामने नहीं आता। स्वयं सहित आठ साधुओं (5 साधु मतभिन्नता के कारण पृथक) का छोटा सा संघ और अंगुली-गणनीय श्रावक वर्ग, बस इस अल्प सामग्री के आधार पर उन्होंने शुद्ध धर्म स्थापना का अपना कार्य प्रारम्भ किया। उस समय यदि कोई उनका प्रबल सहायक था, तो वह एकमात्र आत्मबल ही था। उसी के आधार पर उन्होंने ऐसा कार्य किया और दिखाया जैसा सभी प्रकार की साधन सम्पन्नता में भी हो पाना संभव नहीं होता। चारों ओर से घुमड़ कर आती हुई विषम परिस्थितियों में भी उन्होंने कभी अपना धैर्य नहीं खोया और धीरे-धीरे उन सभी पर विजय प्राप्त कर ली, यह उनके व्यक्तित्व की विरल-प्राप्य विशेषता थी।

जिस प्रकार भगवान राम को भी जब लंका जैसी दुर्जेय नगरी को जीतना था, समुद्र के अगाध जल को लांघना था, रावण जैसे बलिष्ठ शत्रु से भिड़ना था और रण भूमि में सहायक थे मात्र बंदर, फिर भी अकेले राम ने समग्र राक्षस-वंश को पराजित कर दिया। क्योंकि कार्यसिद्धि महापुरुषों के आत्मबल पर जितनी आधारित होती है, उतनी बाह्य उपकरणों पर नहीं। उसी प्रकार स्वामीजी की विजय का मूल भी उन्हें प्राप्त साधारण साधन सामग्री में नहीं, किंतु उनके अपार आत्मबल में निहित था। अन्यथा इतने बड़े सुनियोजित विरोध के सम्मुख अकेले व्यक्ति का टिक पाना और फिर उसमें विजय प्राप्त करना असंभव ही होता। एकमात्र स्वामीजी के आत्मबल ने ही असंभव को भी संभव कर दिखाया। उसी के बल पर वे सभी समस्याओं के सम्मुख अडिग धैर्य के साथ डटे ही नहीं रहे, अपितु उन सभी को परास्त भी किया।

गुरु वाणी

तीन उत्तम पुरुष

ठाणं में बताया गया है उत्तम पुरुष तीन प्रकार के होते है-

1. धर्मपुरुष-अर्हत्, 2. भोगपुरुष-चक्रवर्ती, 3. कर्मपुरुष-वासुदेव।

धर्म के क्षेत्र में जो उत्तम है, वह धर्मपुरुष है। भोग के क्षेत्र में जो उत्तम है, वह भोगपुरुष है और कर्म के क्षेत्र में जो उत्तम है, वह कर्मपुरुष होता है।

उत्तम पुरुष का पहला प्रकार है- धर्मपुरुष। धर्म के क्षेत्र में उत्तम होते हैं अर्हत्। आध्यात्मिक जगत में तीर्थंकर से उत्तम कोई अन्य व्यक्ति नहीं होता, क्योंकि वे केवलज्ञान प्राप्ति के साथ-साथ धर्म के क्षेत्र में तीर्थ की स्थापना भी करते हैं। जबकि सामान्य केवली तीर्थ की स्थापना नहीं करते। एक समय और एक क्षेत्र में केवली तो अनेक हो सकते हैं, परन्तु तीर्थंकर उनमें से एक ही होते हैं। उत्तम पुरुष का दूसरा प्रकार है- भोगपुरुष। भोग के क्षेत्र में उत्तम होते हैं चक्रवर्ती। संसार में सबसे अधिक शक्तिसंपन्न और सत्ताधारी यदि कोई व्यक्ति है तो वह है छह खंडों का अधिपति चक्रवर्ती। उत्तम पुरुष का तीसरा प्रकार है- कर्मपुरुष। कर्म के क्षेत्र में उत्तम होते हैं वासुदेव। तीन खंडों के अधिपति होते हैं वासुदेव।

तीर्थंकर मृत्यु के बाद निश्चित ही मोक्ष जाते हैं। चक्रवर्ती की यदि चक्रवर्ती पद में मृत्यु हो जाए तो उसकी गति नरक होती है और यदि वह चक्रवर्तित्व का त्याग कर संयम ग्रहण करे तो उसकी गति निश्चित मोक्ष होती है। जैसे सोलहवें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ, सतरहवें तीर्थंकर भगवान कुंथुनाथ और अठारहवें तीर्थंकर भगवान अरनाथ पहले चक्रवर्ती बने, फिर उसी जन्म में तीर्थंकर भी बन गए। परन्तु वासुदेव की गति नरक ही होती है। कहा भी जाता है- राजेश्वरी नरकेश्वरी अर्थात् जो वासुदेव जैसा सम्राट बनेगा, उसे नरक में जाना ही पड़ेगा।

जीवन में उत्तमता का महत्त्व होता है। व्यक्ति धार्मिक दृष्टि से उत्तमता की ओर आगे बढ़ने का प्रयास करे। एक चींटी भी चलते-चलते सैकड़ों योजन तक पहुंच सकती है और यदि गति न हो तो तीव्र गति वाला गरुड़ भी वहीं का वहीं रह जाता है। व्यक्ति को दक्षता, चातुर्य और निपुणता को पाने का प्रयास करना चाहिए। प्रयास करने से कुछ न कुछ अवश्य प्राप्त हो सकता है।

संदर्भ: 3 बातें ज्ञान की

संस्कार सरिता

शुभाशंसा!

प्रश्न है - संपन्न कौन होता है? क्या धन से संपन्न व्यक्ति संपन्न होता है या संस्कार से संपन्न व्यक्ति संपन्न होता है?

वस्तुतः संपन्न व्यक्ति वह होता है, जो संस्कारों से संपन्न होता है। चिंतनीय बिंदु यह है कि संस्कारी व्यक्तित्व का निर्माण कैसे हो? रूस में तीन वर्ष से और चीन में एक वर्ष से ही संस्कारों की शिक्षा प्रारंभ हो जाती है। हिंदुस्तान में गर्भावस्था से ही संस्कार-निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं।

संस्कार-निर्माण की प्रथम पाठशाला है माँ। एक संस्कारी माँ बच्चों के प्रभावशाली व्यक्तित्व का निर्माण कर सकती है। इसके अतिरिक्त पारिवारिक-सामाजिक वातावरण, शिक्षण संस्थान, मीडिया एवं संगति आदि महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। बचपन से ही महाप्राण ध्वनि एवं दीर्घश्वास प्रेक्षा आदि प्रयोग के माध्यम से बच्चों के brain का positive development किया जा सकता है, जिससे बच्चों के Emotional Intelligence का विकास हो सके। फलतः परिवार एवं समाज में शांति का वातावरण निर्मित हो सके।

जैन विश्व भारती, लाडनूं

साध्वी प्रमुखा विश्रुतविभा

अभ्यर्थना के स्वर

अभ्यर्थना के स्वरवंदन, विनय और समर्पण की भावांजलि

जो ज्ञेय है, आदेय है, जो प्राण है, जो त्राण है,
जो साधना के क्षेत्र की सबसे बड़ी पहचान है।
जो सुख प्रदाता, सुमति दाता, पाप-भक्तों के हरे,
जो प्रिय लगे सबको सदा, कल्याण जो सबका करे।
जो शांत, नीति निपुण, परम वैशिष्ट्य से परिपूर्ण है,
ऐसे हमारे गुरु सत्य की शक्ति से सम्पूर्ण है।
जिनके प्रखर वक्तव्य में वैराग्य ही की बात है,
स्थित प्रज्ञता, समता जहाँ पर दिखती साक्षात है।
ध्रुव योग छाया की तरह, चलता सतत अविराम है,
संघ के सरताज को, सविनय सदा प्रणाम है।
हे युगपुरुष! हे देवधर! वंदन सहस्त्र अभिवंदना,
हे प्रभास्वर! हे युग प्रधान! शुभकामना, अभिवंदना।

कनक बरमेचा
(चीफ ट्रस्टी)

श्रद्धा के शिखर, अहिंसा के दूत, मानवता के मसीहा युगप्रधान आचार्य श्री महाश्रमण जी के श्रीचरणों में अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल का सादर अभिवंदना!

अप्रैल का यह त्रिवेणी संगम-आराध्य देव का जन्म दिवस दीक्षा दिवस और पदाभिषेक दिवस संपूर्ण तेरापंथ धर्मसंघ और संपूर्ण मानवता के लिए परम सौभाग्य का उत्सव है। इस पावन अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल अपनी अंतरात्मा की गहराइयों से श्रद्धासिक्त मंगल कामनाएं प्रेषित करता है।

महाप्रज्ञ के उत्तराधिकारी, करुणा के सागरआचार्य प्रवर! आपका व्यक्तित्व उस धवल हिमालय के समान है जिसकी शीतलता हर प्यासी आत्मा को शांति प्रदान करती है। आपका जन्म मात्र एक घटना नहीं, बल्कि एक दिव्य प्रकाश का अवतरण था। आपकी दीक्षा संयम की उस अग्नि की गवाह है जिसने स्व-कल्याण के साथ पर-कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। और आपका पदाभिषेक इस महान शासन की बागडोर एक ऐसे कुशल सारथी को सौंपना था, जिसकी दृष्टि में 'अहिंसा यात्रा' के माध्यम से नशामुक्त और नैतिकता युक्त विश्व का निर्माण सर्वोपरि है।

महिला मंडल का संकल्प आपके मार्गदर्शन में आज तेरापंथ की नारी शक्ति, अध्यात्म और संस्कार निर्माण के पथ पर निरंतर अग्रसर है। आप हमारे लिए प्रेरणा के अखंड पुंज हैं। आपके द्वारा प्रदत्त "सद्भावना, नैतिकता और नशामुक्ति" का संदेश घर-घर पहुँचाना ही हमारा वास्तविक श्रद्धा-सुमन है। अखिल भारतीय महिला मंडल की समस्त बहनें मिलकर शासन देव से यह करबद्ध प्रार्थना करती हैं कि:

* आपका स्वास्थ्य सदैव अनुकूल बना रहे।
* आपका दीर्घायुष्य शासन की प्रभावना में मील का पत्थर साबित हो।
* आपके चरणों की रज से यह धरा अहिंसामय बनती रहे।

गुरुदेव! आपकी मुस्कान ही हमारी शक्ति है और आपका अनुशासन ही हमारा पथ-प्रदर्शक। हम संकल्पित हैं कि आपकी आज्ञा और मर्यादाओं को शिरोधार्य करते हुए शासन की सेवा में स्वयं को समर्पित रखेंगी। जय-जय ज्योतिचरण! जय-जय महाश्रमण!

विनीत: सुमन नाहटा
अध्यक्ष एवं समस्त कार्यसमिति,
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

दीक्षा दिवस पट्टोत्सव के पावन अवसर पर

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल परम पूज्य आचार्य महाश्रमण जी के पावन दीक्षा दिवस पट्टोत्सव पर कोटिशः वंदन, अभिनंदन एवं भावभीनी श्रद्धा अर्पित करती है।

यह दिवस केवल एक ऐतिहासिक तिथि नहीं, बल्कि तप, त्याग, संयम और साधना की उस दिव्य यात्रा का स्मरण है, जिसने एक बाल "मोहन" को मुनि मुदित और आगे चलकर युगप्रधान आचार्य "महाश्रमण" के रूप में प्रतिष्ठित किया।

गुरुदेव का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है-जहाँ विनय, अनुशासन, करुणा और ज्ञान का अद्भुत समन्वय दृष्टिगत होता है।

महिला मंडल, जो सदैव संस्कार, सेवा और साधना के त्रिवेणी संगम को अपने कार्यों में आत्मसात करने का प्रयास करती है, गुरुवर के मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर है। आपके "नव सोच, नव कृतित्व" के संदेश ने महिलाओं को आत्मविश्वास, जागरूकता और आध्यात्मिक उन्नयन की नई दिशा प्रदान की है। आपके सान्निध्य में नारी शक्ति को केवल प्रेरणा ही नहीं, बल्कि अपने कर्तृत्व को साकार करने का सशक्त मंच भी प्राप्त हुआ है।आपकी समता, सहिष्णुता और संगठन कौशल ने तेरापंथ धर्मसंघ को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। साधु-साध्वी वृंद के प्रति आपकी करुणामयी दृष्टि और "शासन माता" के प्रति प्रदत्त सम्मान, आपके व्यक्तित्व की गरिमा को और अधिक उज्ज्वल बनाते हैं। आपके श्रीमुख से प्रवाहित होने वाला ज्ञान, हम सभी के जीवन को आलोकित करता है और आत्मोन्नति की ओर प्रेरित करता है।

इस पावन अवसर पर महिला मंडल संकल्पित है कि हम गुरुवर के मार्गदर्शन में-संस्कारों के संवर्धन, नारी सशक्तिकरण, एवं समाज सेवा के विविध आयामों में निरंतर सक्रिय रहेंगे। हमारा प्रत्येक प्रयास गुरुवर के इंगित में धर्मसंघ की गरिमा को और अधिक ऊँचा उठाने की दिशा में समर्पित रहेगा।

हम सभी बहनों की ओर से परम पूज्य गुरुदेव के श्रीचरणों में शत-शत वंदन करते हुए मंगलकामना करते हैं कि आप निरामय रहें, दीर्घायु हों और उनके सान्निध्य में धर्मसंघ सतत उन्नति के स्वर्णिम शिखरों को स्पर्श करता रहे।

रचना हिरण
महामंत्री (ABTMM)

अभ्यर्थना के स्वर

वैराग्य-दीप्ति का दिव्य आलोक
श्रद्धा-समर्पण का निर्मल संयोग।

तेरापंथ की राजधानी चंदेरी एक रत्ना गर्भा, पवित्र एवं पावन धरा है। गणाधिपति गुरुदेव तुलसी सहित तीन तीन साध्वी प्रमुखाएं, इस धरा ने धर्मसंघ को सौंपी हैं। आपका चयन पूरे धर्मसंघ के लिए आचार्य महाश्रमण जी द्वारा प्रदत्त अनमोल उपहार है। आचार्य श्री तुलसी द्वारा दीक्षित, आचार्य श्री महाप्रज्ञ द्वारा शिक्षित, आचार्य श्री महाश्रमण द्वारा चयनित नवम साध्वी प्रमुखा श्री जी की 9 विशेषताओं को वंदना करती हुई आपके श्री चरणों में आधी दुनिया की मंगलकामना समर्पित करते हैं।

साध्वी प्रमुखा विश्रुत विभा जी के नाम में छिपी हैं 9 विशेषताएँ-आप विशिष्ट प्रथम समणी नियोजिका, विदेश की धरती पर तेरापंथ की विशिष्ट प्रचारिका, विशिष्ट ध्यान साधिका, विशिष्ट लेखिका, विशिष्ट संपादिका, विशिष्ट श्रुत साधिका, श्रेयस की उपासिका, गुरु दृष्टि समर्पिता एवं श्रेष्ठ आत्माराधिका हैं।
आपको चयन दिवस पर वंदना, अभिवंदना, अभिवंदना।

कनक बरमेचा
(चीफ ट्रस्टी)

विनीत अभिवंदना

श्रद्धा के पावन पुष्प, समर्पण की सुगंध

आज का दिन तेरापंथ धर्मसंघ के इतिहास में उस स्वर्णिम क्षण की स्मृति है, जब शासन अनुशास्ता ने साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुत विभा जी के रूप में संघ को एक ऐसी ओजस्वी चेतना सौंपी, जो ज्ञान, संयम और वात्सल्य का त्रिवेणी संगम है।

करिश्माई व्यक्तित्व: सौम्यता और शक्ति का मेल

आपका व्यक्तित्व उस शीतल चंद्रमा के समान है, जो अपनी चांदनी से समूचे नारी जगत कोआलोकित कर रहा है। आपकी मंद मुस्कान में जहाँ करुणा का सागर झलकता है, वहीं आपकी अनुशासनप्रियता शासन की मर्यादाओं को अक्षुण्ण बनाए रखती है। आपने साध्वी समाज को केवल नेतृत्व ही नहीं दिया, बल्कि अपनी विनम्रता से हर साध्वी और श्राविका के हृदय में एक आदर्श प्रतिमान स्थापित किया है।

ऊर्जस्वल चिंतन: आधुनिकता और आध्यात्मिकता का समन्वय

आपका चिंतन केवल पारंपरिक सीमाओं तक सीमित नहीं है। आप एक दूरद्रष्टा प्रज्ञापुंज हैं। महिला सशक्तिकरण, आध्यात्मिक जागरण और संघ की सेवा के प्रति आपका दृष्टिकोण अत्यंत आधुनिक होते हुए भी आगमों की मर्यादा से ओत-प्रोत है। आपकी वाणी में वह सम्मोहन है, जो सोई हुई चेतना को जगाने का सामर्थ्य रखता है।

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल आपके चरणों में कोटि-कोटि वंदना करता है। हम संकल्पित हैं कि आपके बताए मार्ग पर चलकर संघ सेवा और नारी उत्थान के कार्यों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

संयम की पावन धरती पर, जो ममता का आकाश बनीं,
ज्ञान की प्रखर रश्मि से, जो हर मन का विश्वास बनीं।
मनोनयन के इस मंगल दिन पर, हम विनत शीश झुकाते हैं,
भक्ति के सुमन सजाकर, अभिवंदना के गीत गाते हैं।
अक्षुण्ण रहे यह तप-ज्योति, आशीष आपका बना रहे,
साध्वी प्रमुखा के चरणों में, यह जीवन श्रद्धा-नत रहे।

विनीत: सुमन नाहटा
अध्यक्षा एवं समस्त कार्यसमिति,
अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

प्रमुखा श्री साध्वी विश्रुत विभा जी।

निःशब्द तपः-साधना के अंतराल में, जब चेतना का क्षितिज आलोकित होता है, तब व्यक्तित्व नहीं, एक दिव्य धारा अवतरित होती है-जो स्वयं पथ बनकर, जग को पथिक बना देती है।

वैराग्य-विभा से मंडित आपका यह उदात्त स्वरूप, मानो समाधि की गहराइयों से उपजा हुआ प्रकाश हो, जहाँ त्याग, तप और तितिक्षा की सूक्ष्म तरंगें, जीवन के प्रत्येक स्पंदन को पावन कर जाती हैं। आपका अस्तित्व-न केवल एक पद, न केवल एक प्रतिष्ठा, अपितु आत्मजागरण की अखंड चेतना है, जो निरंतर अंतराकाश में निनादित हो रही है।

हम कहाँ समर्थ उस दुर्गम पथ के, जहाँ विरक्ति ही श्वास है, और संयम ही जीवन! हम तो गृहस्थ सीमाओं में बंधे साधक, मात्र एक झिलमिलाते संकल्प के पथिक हैं। किन्तु-आपकी करुणा-दीप्त दृष्टि के आलोक में, हम अपने जीवन को दिशा दे सकते हैं, आपके मार्गदर्शन के अमृत-सिक्त स्पर्श से, नारी-शक्ति को नव सृजन में परिणत कर सकते हैं। महिला मंडल की प्रत्येक चेतना में, यदि आपके चिंतन का एक अंश भी जागृत हो, तो संस्कारों की सुप्त धाराएँ पुनः प्रवाहित हों, और परिवार, समाज-सब सुगंधित हो उठें।

आपकी वाणी-मौन में भी अनुगूँजित होती दिव्य ध्वनि है, आपकी दृष्टि-करुणा का वह विस्तृत आकाश है, जिसमें हर व्यथित मन को आश्रय मिलता है।

श्रद्धेया महासतीवरम! आपका ये चयन दिवस नहीं-धर्म की धरा पर अवतरित एक नव प्रभात है, यह नारी जागरण की अनाहत वीणा का दिव्य, कालातीत आलापन है। आइए-हम अपने अंतःकरण में श्रद्धा का दीप प्रज्वलित करें, आपके निर्देशन की पावन छाया में, सेवा, संस्कार और समर्पण को साधना बना लें।

श्रद्धेया महासतीवरम! आपके चरणों में यह विनम्र अभ्यर्थना-कि हम आपके पथ के अनुयायी भले न बन सकें, पर आपके मार्गदर्शन के साधक अवश्य बनें। आपकी दिव्य छत्रछाया में, हमारी प्रत्येक श्वास-सेवा बने, प्रत्येक कर्म-साधना बने, और सम्पूर्ण जीवन-एक निःशब्द वंदना बने।

रचना हिरण
महामंत्री (ABTMM)

प्रेरक प्रसंग

♦ निस्वार्थ सहारा ♦

एक बार की बात है, पेंसिल ने इरेज़र से "थैंक यू" कहा। पेंसिल की बात सुनकर इरेज़र थोड़ा सा असहज हो गया और उसने मुस्कुराते हुए पूछा—"हमारी इतनी गहरी और प्यारी दोस्ती है, तो तुम मुझे थैंक यू किस बात के लिए कह रहे हो? क्या तुम्हें पता नहीं कि दोस्ती में 'नो सॉरी, नो थैंक यू'?

"पेंसिल ने भावुक होते हुए उत्तर दिया- "आज मुझे महसूस हुआ कि मैं कई बार बहुत गलत लिख देती हूँ, मुझसे बार-बार गलतियाँ हो जाती हैं। और तुम हो कि हर बार मेरी उन गलतियों को मिटाकर, उसी स्थान पर सही शब्द लिखने के लिए जगह बना देते हो। मेरी गलतियों को मिटाते-मिटाते देखो तो सही, तुम्हारी क्या हालत हो गई है! जब तुम नए थे तो कितने सुंदर दिखते थे, और आज यहाँ-वहाँ चारों तरफ से घिस गए हो। तुम्हारी सूरत ही बदल गई। और एक दिन ऐसा भी आयेगा कि तुम मेरे साथ भी न रहो।"

ठीक इसी प्रकार हमारी ज़िन्दगी में भी इरेज़र की तरह कोई होता है, जो हमारी गलतियों को सुधारकर हमें कुछ नया करने की राह दिखाते हैं, हमें आगे बढ़ने का अवसर देते हैं और वे हैं हमारे माता-पिता।

वे हमारी गलतियों पर रोक-टोक करके, समझाकर और मार्गदर्शन देकर हमें सही दिशा में आगे बढ़ना सिखाते हैं। इरेज़र की तरह वे भी जीवनभर हमारे साथ नहीं रहने वाले, इसलिए यह समय है कि हम उनके प्रति कृतज्ञ रहें और अपने मन की भावनाएँ उन्हें अवश्य व्यक्त करें।

क्योंकि आज जो इरेज़र के रूप में हमारे माता-पिता हमारे लिए कर रहे हैं, वह हमारे लिए कोई और कभी नहीं कर सकता। माता-पिता से बढ़कर प्रेरणादायी गुरु, उनसे श्रेष्ठ मार्गदर्शक और उनके जैसा निस्वार्थ सहायक कोई हो ही नहीं सकता।

युग की माँग और समय की परिवर्तन के साथ शांत भाव से वे हमारी सफलता के हर अध्याय में गुप्त सहायक बनते हैं और असफलता के क्षणों में हमारे साथ एक मजबूत सहारा बनकर दृढ़ता से खड़े रहते हैं। इस भागती-दौड़ती कृत्रिम दुनिया में यदि कुछ वास्तव में सच्चा और वास्तविक है, तो वह है- माता-पिता का प्यार और उनका स्नेह।

बोध: माता-पिता, गुरु सेवा तुल्य, नहीं कोई दूजा काम। ज्ञान मिले, निर्जर होवे, तर जाते भव स्यूं नाव।।

♦ श्रद्धाशील श्राविका: कलकत्ती देवी बैद ♦

श्रीमती कलकत्ती देवी बैद, श्रीमान ताराचंद जी (चूरू निवासी) की धर्मपत्नी थीं। ससुराल पक्ष तथा मातृपक्ष दोनों ओर से उन्हें धर्म के गहरे संस्कार बचपन से प्राप्त हुए थे। उनकी पहली संतान के जन्म के समय उन्हें पिप्पलामूल नामक औषधि दी गई, परंतु वे पूरा पथ्य-परहेज़ नहीं रख पाईं और मिरगी जैसे भयंकर रोग से ग्रसित हो गईं। उस समय वे छः दिन-रात तक बेहोश रहीं। जब उन्हें मिरगी के दौरे पड़ते, तो पूरे शरीर में ऐंठन आ जाती, जीभ बाहर निकल आती या दाँतों के बीच कट जाती, गर्दन मुड़ जाती और वे जहाँ कहीं जिस स्थिति में होतीं, वहीं गिर पड़तीं। इस रोग का उनके मस्तिष्क पर गंभीर प्रभाव पड़ा, जिससे उनकी स्मरण-शक्ति लगभग समाप्त हो गई। वे परिचित जनों के चेहरे तक नहीं पहचान पाती थीं। आर्थिक दृष्टि से उनका परिवार सक्षम था, इसलिए उपचार की कोई कमी नहीं रखी गई। दस वर्षों तक उन्हें अनेक प्रकार की आयुर्वेदिक, एलोपैथिक और होम्योपैथिक दवाएं दी गईं, परंतु मिरगी का रोग उत्तरोत्तर बढ़ता गया, कम नहीं हुआ। इसी बीच एक अमेरिकी डॉक्टर भारत आया। जब उनसे परामर्श किया गया, तो उसने कहा—"यह रोग ठीक होना कठिन है, पर मैं अमेरिका से दवाएँ भेजता रहूँगा, संभव है थोड़ा लाभ हो जाए।" पंद्रह वर्षों तक निरंतर अमेरिकी दवा लेने पर भी बीमारी में विशेष अंतर नहीं आया।

वि.सं. 2030 में आचार्य श्री तुलसी का चातुर्मास हिसार में था। बहन कलकत्ती देवी आचार्यवर के दर्शन करने तेजपुर (आसाम) से हिसार आईं। वे जैसे ही आचार्य प्रवर के दर्शन करने पहुँचीं, वहीं उन्हें तेज दौरा आया और वे गिर पड़ीं। वे पूरी रात बेहोश रहीं। प्रातः जब वे पुनः आचार्य श्री के उपपात में पहुँची, तो गुरुदेव ने पूछा, "तुम्हें तो भयंकर रूप से दौरा आता है, कितने वर्षों से यह हो रहा है?" गुरु की वात्सल्यपूर्ण वाणी से गदगद होकर बहन ने कहा, "गुरुदेव, 20–25 वर्षों से मैं बीमार हूँ। दवा-इलाज बहुत कराया, पर ठीक नहीं हुई।"

आचार्य प्रवर ने कहा, "आज से मैं जो कहता हूँ, वह करो। प्रतिदिन जितनी देर हो सके 'ॐ शांति' मंत्र का जप करो। फिर बताना तुम्हें दौरे आते हैं या नहीं।" गुरुदेव के मुख से ऐसी अनुपम औषधि पाकर बहन को लगा मानो वे उसी क्षण स्वस्थ हो गई हों। उन्होंने उसी समय अगले छह महीनों तक दवा का त्याग कर दिया और सोते-जागते, उठते-बैठते निरंतर 'ॐ शांति' मंत्र का जप करने लगीं। सिद्ध पुरुष की वाणी का ऐसा अमोघ प्रभाव हुआ कि वे धीरे-धीरे स्वस्थ होने लगी। छः महीनों तक उन्हें कभी-कभी दौरे आए, पर अंततः वे बिल्कुल स्वस्थ हो गईं।बहन का मानना था कि इससे पहले भी उन्होंने कई बार जप किए थे, पर गुरुवाणी का चमत्कार ही उनके स्वास्थ्य-लाभ का वास्तविक रहस्य था।

♦ संस्था संविधान ♦

- साधारण सभा की वार्षिक बैठक (अधिवेशन) मंडल के वित्तीय वर्ष समाप्त होने के छह माह के भीतर बुलाना आवश्यक होगा। राष्ट्रीय आपदा या अन्य आपात स्थिति में कार्यसमिति द्वारा अवधि बढ़ाई जा सकती है।
- साधारण सभा की बैठक वर्ष भर में कम से कम एक और अधिक से अधिक दो बार हो सकेगी। साधारण सभा की दो बैठकों के बीच कम से कम 6 माह का अंतराल आवश्यक होगा।

श्रावक संदेशिका

संघीय संस्थाओं का स्वरूप:

स्थानीय सभा / शाखा / समिति:

- वह किसी केंद्रीय संस्था से संबंधित अथवा उसकी शाखा होगी।
- उसका कार्यक्षेत्र उसकी निर्धारित क्षेत्र सीमा से अधिक नहीं होगा, जैसे – गांव / नगर / अंचल / महानगर / परिसीमित क्षेत्र।
- वह अपनी संबंधित केंद्रीय संस्था की अनुमति के बिना अपनी क्षेत्र सीमा से बाहर के व्यक्तियों से अनुदान नहीं ले सकेगी।
- निर्धारित क्षेत्र सीमा से बाहर के लोग उसके सदस्य नहीं बन सकेंगे।

संस्थागत आवयश्क दिशा-निर्देश:

- संस्था का गणवेश यथासंभव संघीय कार्यक्रमों एवं तेरापंथ महिला मंडल के कार्यक्रमों में ही पहनना चाहिए।
- संस्था की गतिविधियों के सम्यक संचालन हेतु विभिन्न विभागों का अपने कार्यकाल की अवधि के लिए गठन करें। गठित विभागों के संचालन के लिए विभागीय प्रभारी को अपेक्षित मार्गदर्शन देते रहें एवं गति-प्रगति की रिपोर्ट समय-समय पर लेते रहें।

◆ महिला मंडल / युवती विभाग-करणीय कार्य ◆

बहनों, इन गर्मी की छुट्टियों में हमारा संकल्प हो कि छुट्टियाँ केवल घूमने-फिरने का माध्यम नहीं, बल्कि परिवार के साथ जुड़ने का सुंदर अवसर बनें। आज के व्यस्त जीवन में कई बार हम परिवार के सदस्यों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय नहीं बिता पाते। आइए, इन छुट्टियों को एक सुंदर अवसर बनाएं- अपने परिवार के साथ जुड़ने, संवाद बढ़ाने और अपनापन मजबूत करने का। हम सब मिलकर यह छोटे-छोटे संकल्प लें:

* प्रतिदिन कम से कम एक समय का भोजन पूरा परिवार साथ मिलकर करें।
* रोज़ शाम को परिवार सहित सामूहिक अर्हत वंदना अवश्य करें।
* घर में सकारात्मक संवाद और साथ बिताए पलों को प्राथमिकता दें।

छुट्टियाँ केवल यात्रा या मनोरंजन का समय नहीं होतीं, बल्कि ये वह सुनहरा अवसर हैं जब हम अपने रिश्तों को समय, स्नेह और साथ से और अधिक मजबूत बना सकते हैं। इस अवसर का पूरा लाभ लें। साथ ही अभातेममं की ओर से तीन नए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं:

* AI Digital Learning Program - संयोजिका श्रीमती रमन पटवारी, 99035 18222
* जागृति- तत्त्वज्ञान प्रशिक्षण कोर्स - संयोजिका श्रीमती संस्कृति भंडारी, 88516 21592
* संस्कृत पाठ्यक्रम प्रशिक्षण - संयोजिका श्रीमती राजुल मनोत, 88008 75707

सभी शाखा मंडलों से विनम्र अनुरोध है कि अधिक से अधिक बहनों को इन कार्यक्रमों से जोड़कर उनके ज्ञान में वृद्धि करने और आत्मविकास की इस यात्रा का लाभ उठाने हेतु प्रेरित करें। अधिक जानकारी के लिए संबंधित संयोजिकाओं से संपर्क करें।

आचार्य तुलसी शिक्षा परियोजना

शिखरोत्सव-"रजत जयन्ती समारोह"

19 से 21 जून को पूज्यप्रवर आचार्य श्री महाश्रमण जी के पावन सानिध्य, लाडनूं में आयोजित होगा, "शिखरोत्सव-रजत जयन्ती समारोह"।

ज्ञानाराधना में तन मन से लगे साधक महान,
गुरु चरणों में करेंगे आप सब का सम्मान।
रजत जयंती का अवसर पावन,
भेज रहे आपको सहृदय निमंत्रण।।

सम्मानीय परीक्षक गण एवं प्रेरणास्रोत प्रशिक्षक गण, अब तक के सभी तत्व प्रचेता (6 साल complete) तेरापंथ प्रचेता (5 साल complete) और तत्व विज्ञ (3 साल complete), जैन स्कोलरस का हार्दिक स्वागत।

आने वालों के लिए सरप्राइस भी होंगे खास,
शिखरोत्सव में हर पल होगा अंतर आनंद का एहसास।

आवश्यक सूचना:

- कार्यक्रम अवधि: 19 जून सायं से 21 जून दोपहर (लंच तक)।
- अपने ओढ़ने-बिछाने की चादर, सामायिक आसन, मुंहपत्ती एवं अपनी आवश्यक दवाइयाँ साथ लेकर आएँ।
- महिलाओं के लिए महिला मंडल गणवेश अनिवार्य है तथा पुरुषों के लिए सफेद वस्त्र अनिवार्य रहेंगे।
- सभी तत्व प्रचेता, तेरापंथ प्रचेता एवं तत्व विज्ञ से विनम्र निवेदन है कि इस पाठ्यक्रम से जुड़ने पर अपने अनुभव का 1 मिनट का वीडियो बनाकर शेयर करें। चयनित वीडियो को अभातेममं के सोशल मीडिया पेज पर प्रसारित किया जाएगा।
- 1 मई 2026 से रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो जाएगा। रजिस्ट्रेशन शुल्क रु. 1100 रहेगा, जो आप ABTMM के बैंक A/C में जमा करा सकते हैं।समय पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करें, ताकि हमें आपका कन्फर्मेशन समय रहते प्राप्त हो सके।
- अब परीक्षाएँ वर्ष में केवल एक बार आयोजित की जाएँगी।
- वर्ष 2026 में तत्त्वज्ञान, तत्त्वविज्ञ एवं तेरापंथ दर्शन की परीक्षाएँ 17 दिसंबर से 23 दिसंबर के मध्य आयोजित की जाएँगी।
- "नव पदार्थ (पुण्य-पाप)" पुस्तक अभातेममं के रोहिणी कार्यालय में उपलब्ध है।

निर्देशिका	संयोजिका		
श्रीमती पुष्पा बेंगानी 93112 50290	श्रीमती सोनाली पटावरी 98180 98012	श्रीमती संस्कृति भंडारी 88516 21592	श्रीमती राजुल मनोत 88008 75707

मातृत्व दिवस

आप सभी जानती हैं कि मातृत्व दिवस (Mother's Day) हर वर्ष मई माह के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस वर्ष यह दिन 10 मई को आ रहा है। मई का महीना अपने आप में खास होता है-यह पीहर जाने का महीना भी होता है...वो पल जब हमारी माँ दहलीज पर खड़ी होकर हमारी राह निहारती है... तो क्यों न इस Mother's Day को हम अपनी माँ के साथ कुछ खास तरीके से मनाएं?

जब हम स्वयं माँ बनते हैं, तभी हमें माँ के प्यार, त्याग और महत्व का सच्चा एहसास होता है...तो आइए, इस खास दिन पर अपने दिल की भावनाओं को अपनी माँ के सामने व्यक्त करें

Activity:

- 1 मिनट की एक रील बनानी है
- काव्यात्मक या किसी भी क्रिएटिव तरीके से
- "मेरी माँ का मेरे जीवन में क्या महत्व है" — इस भाव को व्यक्त करना है

Rules:

- केवल सगी माँ और बेटी ही वीडियो में होंगी
- सिर्फ बेटी अपनी माँ के लिए अपनी feelings व्यक्त करेगी
- वीडियो को creative और heart-touching बनाएं

आइए, इस Mother's Day को यादगार बनाएं... माँ के प्रति अपने प्रेम और सम्मान को खूबसूरती से व्यक्त करें

सेवा साधक श्रेणी

क्या है "सेवा साधक श्रेणी"?

यह एक विशेष पहल है जिसमें ऐसे श्राविकाओं को अवसर दिया जाता है जो, अपने जीवन का कुछ या पूर्ण समय साधना, अध्ययन एवं सेवा में समर्पित करना चाहती हैं।

किनके लिए है यह श्रेणी?

- ☑ जो पारिवारिक दायित्वों से निवृत्त होकर अपना जीवन समर्पित करना चाहती हैं
- ☑ जो साधिका के रूप में साधना-सेवा करना चाहती हैं
- ☑ जो वर्ष में कुछ समय (1 से 9 माह) देना चाहती हैं
- ☑ जो दीक्षा की भावना रखती हैं लेकिन अवसर नहीं मिला
- ☑ जो अविवाहित रहकर संघ सेवा में अपना जीवन समर्पित करना चाहती हैं

अर्हताएं (Eligibility)

- ☑ तेरापंथ धर्मसंघ की श्राविका
- ☑ शारीरिक रूप से स्वस्थ (कम से कम 4 कि.मी. चलने की क्षमता)
- ☑ निर्धारित प्रशिक्षण एवं प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण
- ☑ आयु: लगभग 18 से 75 वर्ष

विशेष सूचना:
साधक अपनी रुचि अनुसार सेवा / साधना / अध्ययन में से क्षेत्र चुन सकते हैं।

सेवा के क्षेत्र (Service Areas)	साधना के प्रमुख बिंदु (Sadhana Points)	अध्ययन के विषय (Study Subjects)
•साधु-संत सेवा •चिकित्सा सेवा •प्रशिक्षण, अध्यापन •शोध, लेखन, संपादन •श्रावक समाज की संभाल •जनसंपर्क एवं अन्य सेवाएं •संगठन एवं संस्थाओं का कार्य •आध्यात्मिक एवं सामाजिक गतिविधियाँ	•नवकार महामंत्र एवं जाप •श्रावक निष्ठा पत्र का उच्चारण •प्रतिदिन कम से कम 2 सामायिक •रात्रि भोजन का त्याग (विशेष स्थिति छोड़कर) •संयमित आहार (आलू, प्याज आदि का त्याग)	•संस्कृत, प्राकृत •आगम एवं तत्त्वज्ञान •आध्यात्मिक प्रशिक्षण •तेरापंथ दर्शन व इतिहास

विशेष व्यवस्था

- आवास एवं भोजन की व्यवस्था
- चिकित्सा सुविधा
- यात्रा सुविधा

क्यों जुड़ें?

- जीवन को सार्थक बनाने का अवसर
- आध्यात्मिक उन्नति
- समाज सेवा का श्रेष्ठ माध्यम

☛अभी आवेदन करें: संयोजिका श्रीमती अर्चना भंडारी 98100 11500

शाखा मंडलों का वार्षिक साधारण सत्र

सभी शाखा मंडल वर्ष 2024–25 की साधारण सदन की वार्षिक बैठक का आयोजन 25 जून से 25 जुलाई के मध्य अनिवार्य रूप से संपन्न करें। बैठक का संचालन निर्धारित एजेंडा के अनुरूप तथा संगठन के संविधान में उल्लिखित नियमों के अनुसार किया जाए तथा बैठक में संविधान का वाचन भी अवश्य किया जाए। कृपया यह भी सुनिश्चित करें कि साधारण सभा के जो भी मिनिट्स (Minutes) हों, उन्हें शाखा के मिनिट्स बुक में विधिवत दर्ज किया जाए। बैठक के दौरान वार्षिक प्रतिवेदन, वित्तीय विवरण तथा आगामी संगठनात्मक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक विकास से संबंधित कार्यक्रमों पर सार्थक चर्चा की जाए।

समस्त कार्यवाही सौहार्दपूर्ण वातावरण, सहयोगात्मक भावना एवं संगठनात्मक मर्यादा के साथ संपन्न हो तथा बैठक की कार्यवाही विवरणिका नियमानुसार समय पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

आप सभी का सक्रिय सहयोग संगठन की सुदृढ़ता एवं प्रभावी कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाएगा।

चित्र - चिंतन

Google link
https://forms.gle/wXkZecxzvRfZJRgC7

सादर जय जिनेंद्र,

हाल ही में हमने अक्षय तृतीया के पावन पर्व को मनाया है, आदिनाथ प्रभु की महिमा को समझा है। उन्हीं आदिनाथ प्रभु की देन है विविध प्रकार की कलाएं जो उन्होंने अपने पुत्र पुत्रियों के माध्यम से हम सब तक पहुंचाई। यह कलाएं चंद्रमा की कलाओं की तरह स्वरूप बदलती रहती हैं , साथ ही साथ कला को अपनाने वाले के निजी व्यक्तित्व के स्वरूप में जो निखार आता है, वह दृश्य भी होता है, विशेष भी।

एक नारी कला की जीवंत संवाहक ही नहीं बनती है, परंपरा और आधुनिक युग की मांग में संतुलन भी बना कर रखती है।

निम्न प्रेषित Google Link के द्वारा Google Form खोलें और संलग्न चित्र के आधार पर 8-10 कव्यात्मक पंक्तियों में प्रेषित करें। अपनी प्रस्तुति को एक सार्थक शीर्षक भी दें।

सूचना:

1. अभिव्यक्ति Google Form के माध्यम से सिर्फ़ हो।
2. प्रविष्टी भेजने की अन्तिम तिथि - 12 May 2026।
3. यह प्रतियोगिता बहनों के चिन्तन और लेखन के सामर्थ्य को और अधिक उर्वर बनाने हेतु किया जा रहा एक लघु प्रयास है।
4. अन्य जिज्ञासा हेतु संयोजिका श्रीमती शिल्पा बैद से 98108 58490 पर Whats app पर Message भेज कर सम्पर्क कर सकते हैं।

मार्च माह की प्रतियोगिताओं के विजेता रहें:

महिला मंडल QUIZ

Total 1210 Responses

अल्का जैन, किलपॉक
सवीना जैन, कोपल
पिंकी मेहनोत, पर्वत पटिया
मनीषा चोरड़िया, जलगांव
संतोष चोपड़ा, सिलचर
वनिता मेहता, थाने
रिंकू जैन, पेटलावद
सोनम बाफना, चित्रदुर्ग
कमला कोठारी, चूरू
ममता चिपड़, गोरेगांव

कन्या मंडल QUIZ

Total 385 Responses

जिनल शाह, डुंगरी
खुशी काल्या, नवसारी
रिधी जैन, गाजियाबाद
कली पुगलिया, बीकानेर
लब्धि जैन, दौलतगढ़
मुदिता जैन, गंगाशहर
सुरभि जैन, जयपुर
निधी बोथरा, नागपुर
ईशा जैन, हुबली
आंचल बाफना, राजराजेश्वरी नगर

युवती विभाग - चित्र चिंतन QUIZ

Total 290 Responses

डिंपल ढूधोड़िया, बाली-बेलूर
स्वीटी बाफना, मुलुंड
शोभा सुराणा, पुणे
सीमा बरड़िया, तिरुपुर
प्रीति डाकलिया, पीलीबंगा
अंजू नौलखा, दौलतगढ़
अंजू श्रीमाल, जोधपुर
चंचल जैन, साउथ हावड़ा
हर्षा घीया, शाही बाग
हेमा बागरेचा, भायंदर

विजेताओं को बहुत-बहुत बधाईयां।

सभी विजेताओं से निवेदन है कि कृपया अपना पता संबंधित संयोजिकाओं को WhatsApp कर दें।

आरोहण

By the girls, for the spirit within

प्यारी बेटियों सस्नेह जय जिनेन्द्र,

अप्रैल माह में हम सब ने अपने गुरु आचार्य महाश्रमण जी का जन्म दिवस, दीक्षा दिवस और पदाभिषेक दिवस मनाया, जो हमारे भीतर आध्यात्मिक ऊर्जा का संप्रेषण करते हैं। गुरु की ऊर्जा से नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत आपको नए ज्ञान की प्राप्ति के लिए प्रेरित करती रहे।

जिन बेटियों की छुट्टियाँ चल रही हैं, उनके लिए समय है अपनी विभिन्न रुचियों में निखार लाने का। इस माह में विशेष रूप से व्यक्तित्व विकास, संस्कार निर्माण, आत्मनिर्भरता, डिजिटल सुरक्षा और रचनात्मक अभिव्यक्ति में विशिष्टता प्राप्त करें।

कन्या मंडल-करणीय कार्य

स्मार्ट किचन

SMART PLATE : HAPPY WEIGHT

सभी स्वस्थ रहना चाहते हैं और स्वस्थ रहने के लिए भोजन पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। बेटियों की विशेष मांग पर एक बार फिर से Smart Kitchen Webinar लेकर आए हैं। दिनांक: 16 मई रात्रि 8:00 बजे प्रशिक्षिका: डॉ. सारिका गिड़िया

E SHAKTI WE सशक्त

AI और डिजिटल युग में नारी शक्ति को सशक्त बनाने हेतु एक सर्टिफिकेट कोर्स प्रारम्भ किया जा रहा है। AI Powered Advanced Computer Courses

Training by: IT GURUJI

इस कोर्स से जुड़ने के लिए आपको व्हाट्सऐप लिंक प्रेषित किया जा चुका है। बेटियाँ समय का सदुपयोग करते हुए इस कोर्स से अवश्य जुड़ें।

JAINISM IN GENZ

पंच परमेष्ठी गीतिकाओं की कक्षाएँ प्रत्येक माह के प्रति शुक्रवार और शनिवार एवं 25 बोल की कक्षाएँ प्रतिमाह प्रति सोमवार व मंगलवार को चलती हैं। अब तक आपने तीन गीतिकाएँ कंठस्थ कर ली होंगी। अब इन तीन गीतिकाओं पर एक QUIZ का आयोजन अपने भवन में करना है, जिसका प्रारूप आपको WhatsApp के माध्यम से प्रेषित कर दिया जाएगा। छहों गीतिकाओं के ऊपर स्थानीय स्तर पर आयोजित क्विज़ में विजेता बेटियाँ अधिवेशन में फाइनल क्विज़ में भाग ले सकती हैं। सभी बेटियाँ अधिक से अधिक इन कक्षाओं से जुड़कर अपना ज्ञान वर्धन करें।

संकल्प – "विराट कन्या सम्मेलन"

परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी के पावन सानिध्य में 24–25–26 जुलाई 2026 को लाडनूं में "संकल्प – विराट कन्या सम्मेलन" आयोजित किया जा रहा है।

AI से बढ़ेगी बुद्धि की उड़ान, EI से समझे दिलों की पहचान। AI दे ज्ञान का विस्तार, EI सिखाए भावों का व्यवहार।

AI बनाए सोच को तेज, EI रखता दिलों में स्नेह सहेज। AI से सीखें नया जमाना, EI से रिश्तों को निभाना।

परन्तु रुको और समझो - SI से क्या मिलता है?

SI से जुड़े समाज से नाता, SI से मिले सेवा के संस्कार, SI सिखाए मिलजुल कर चलना, SI से होता आत्म-उत्थान।

इन तीनों के समन्वय से ही बेटियों का संसार चमकता है।

इनके संतुलन से जीवन सुखमय और सुनहरा बनता है।

इन तीनों से ही हमें अपने जीवन को सजाना है,

गुरु सानिध्य में बैठकर कुछ सुनना, सुनाना और समझना है।

We're excited to welcome you as scheduled! Get your bags ready to take flight into the skies of SI."We promise- this journey will become a lifetime memory and a proud achievement for you.

Important Information:

- Registration link opens on 15 May 2026
- Registration fee: Rs. 1100 (to be deposited in ABTMM Bank A/C)
- Program will commence 24 July evening and conclude on 26 July afternoon
- Please bring your Samayik kit, essential medicines, and bedsheet.

सीट्स हैं लिमिटेड, मौका न गंवाएँ! लिंक खुलते ही रजिस्ट्रेशन अवश्य कराएँ।

Programme Convenor

Mrs. Mamta Ranka, 94141 42924 Mrs. Sadhna Samsukha 90233 04863

सेवा संवाद

♦ संवाद सेवा का, समर्पण का, संगठित नारी शक्ति का ♦

विराट युवती सम्मेलन "संगम"
एक भावपूर्ण झलक

दिनांक 27 मार्च 2026 को लाडनूँ की पावन धरा पर अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के तत्वावधान में त्रिदिवसीय विराट युवती सम्मेलन "संगम" का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित भिक्षु भजन संध्या में देशभर से पधारी बहनों ने मधुर गीतिकाओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। नवयुवतियों द्वारा "श्रद्धा" विषय पर आचार्य भिक्षु के जीवन पर आधारित प्रस्तुति ने उपस्थित सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उद्घाटन सत्र में राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती सुमन नाहटा एवं अन्य पदाधिकारियों द्वारा देशभर से पधारी युवतियों का हार्दिक स्वागत किया गया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने युवतियों को सामाजिक, पारिवारिक एवं आध्यात्मिक जीवन में संतुलन बनाए रखते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान की तथा जीवन में परंपरागत मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया।

मुख्य वक्ता RJ कार्तिक ने अपने उद्बोधन में FAMILY शब्द की रोचक व्याख्या करते हुए पारिवारिक जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं, संबंधों की चुनौतियों एवं उनके समाधान को प्रभावशाली उदाहरणों के साथ प्रस्तुत कर युवतियों को विशेष रूप से प्रेरित किया। द्वितीय सत्र में नौ साध्वी प्रमुखाओं के जीवन चरित्र पर आधारित भावपूर्ण गीतिकाओं की प्रस्तुति विभिन्न शाखा मंडलों द्वारा दी गई, जिससे संपूर्ण वातावरण "ॐ अर्हम" की दिव्य ध्वनि से गुंजायमान हो उठा। प्रथम दिवस के विशेष सत्र में पंच परमेष्ठी गीतिकाओं पर आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें देशभर से 400 से अधिक बहनों ने भाग लिया। इनमें से 168 प्रतिभागी सम्मेलन स्थल पर उपस्थित रहकर अंतिम चरण तक पहुँचीं और अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया।

चतुर्थ सत्र में विभिन्न शाखा मंडलों द्वारा समसामयिक सामाजिक विषयों पर समाधानपरक प्रस्तुतियाँ दी गईं। "उड़ान सपनों की - डोर जिम्मेदारी की", "सोशल मीडिया बनाम ह्यूमन बीइंग", "कोख से कल तक", "जैन जीवनशैली", "हमारी संस्कृति हमारा अभिमान" तथा "पारंपरिक त्योहारों का महत्व" जैसे विषयों पर केंद्रित इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को विचारोत्तेजक बनाया और उपस्थित जनसमूह को गहन चिंतन के लिए प्रेरित किया। सम्मेलन के आगामी सत्रों में आयोजित "सखी Summit" एवं "परंपरा with Modernity" कार्यक्रमों के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मेलन के तीसरे दिन का समापन श्रद्धेय आचार्य प्रवर के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। उनके प्रेरणापाथेय ने युवतियों को जीवन के चारों आयाम- पारिवारिक, सामाजिक, धार्मिक एवं आत्मिक- में संतुलित एवं समन्वित विकास की दिशा प्रदान की। साध्वी प्रमुखा श्री एवं साध्वीवर्या जी ने आधुनिकता के साथ आध्यात्मिकता का समन्वय स्थापित करते हुए संस्कारयुक्त जीवन जीने की प्रेरणा प्रदान की।

देश-विदेश से पधारी लगभग 1008 युवतियों की गरिमामयी उपस्थिति ने इस सम्मेलन को विशेष रूप से भव्य एवं प्रभावशाली बना दिया। यह त्रिदिवसीय विराट युवती सम्मेलन "संगम" प्रत्येक सहभागी युवती के मन में अमिट छाप छोड़ गया- एक ऐसा संगम, जहाँ परंपरा और आधुनिकता का सुंदर समन्वय साकार रूप में देखने को मिला तथा जहाँ प्रत्येक युवती ने स्वयं को सशक्त, प्रेरित एवं संस्कारित अनुभव किया।

रोहिणी भवन में पूज्य गुरुदेव का मंगल पदार्पण

प्रेरणा से अभिभूत हुआ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के रोहिणी भवन में परम पूज्य आचार्य श्री महाश्रमण जी का पदार्पण अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुआ। विराट युवती सम्मेलन एवं कार्यसमिति बैठक के पूर्व हुआ यह पावन आगमन समस्त बहनों के लिए विशेष प्रेरणास्रोत बन गया।

पूज्य गुरुदेव ने रोहिणी भवन में विराजमान होकर मंगल पाठ का श्रवण करवाया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं शांति से आलोकित हो उठा। गुरुदेव की सन्निधि में उपस्थित सभी बहनों ने आत्मिक उन्नयन एवं सेवा-संकल्प की नवीन प्रेरणा प्राप्त की।

यह मंगल अवसर न केवल संगठन के लिए गौरव का विषय रहा, बल्कि सभी के हृदय में अध्यात्म, अनुशासन एवं समर्पण की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

रोहिणी भवन में साध्वी प्रमुखा विश्रुत विभा जी का पदार्पण

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के रोहिणी भवन में साध्वी प्रमुखा श्री विश्रुत विभा जी का मंगलमय पदार्पण से समूचा वातावरण श्रद्धा, सौहार्द और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। साध्वी प्रमुखा जी की सन्निधि पाकर बहनों में विशेष उत्साह का संचार हुआ तथा पूरे परिसर में आत्मीयता एवं आह्लाद का वातावरण निर्मित हो गया। स्वागत हेतु बहनों द्वारा भावपूर्ण स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। यह पावन अवसर सभी के लिए प्रेरणादायी रहा, जिसने बहनों के हृदय में सेवा, समर्पण एवं संस्कारों के प्रति नवीन चेतना का संचार किया।

ट्रस्ट बोर्ड एवं कार्यसमिति बैठक सम्पन्न

दिनांक 26-27 मार्च को अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की कार्यसमिति बैठक सफलतापूर्वक आयोजित की गई। 26 मार्च की प्रातःकालीन बैठक में ट्रस्ट बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें संगठन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया तथा प्रमुख बिंदुओं पर निर्णय लिए गए। 27 मार्च को कार्यसमिति बैठक का प्रथम सत्र लाड़नूँ में तथा द्वितीय सत्र सालासर में आयोजित हुआ। बैठक में सभी कार्यसमिति सदस्यों की सक्रिय उपस्थिति रही। विभिन्न योजनाओं, आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों पर सार्थक एवं स्वस्थ चर्चा हुई। यह बैठक अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रही।

कन्या मंडल की सार्थक गतिविधियों की झलक

लाइफस्टाइल लैब वेबिनार आयोजित:

21 मार्च को "The Art of Public Speaking and Smart Dressing" विषय पर एक प्रभावशाली वेबिनार आयोजित किया गया। सत्र की प्रशिक्षिका खुशबू जी कर्णावट (मनोविज्ञान विशेषज्ञ एवं पर्सनल इमेज कंसल्टेंट) ने बेटियों को मंच पर प्रभावशाली first Impression के महत्व को समझाया।

उन्होंने व्यक्तित्व विकास एवं आत्मविश्वास निर्माण में सार्वजनिक बोलने की कला और स्मार्ट ड्रेसिंग की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व उसके शब्दों से पहले प्रभाव डालता है, इसलिए उसे सशक्त बनाना आवश्यक है।

कार्यक्रम की शुरुआत महामंत्री श्रीमती रचना हिरण द्वारा मंगलाचरण एवं शुभकामनाओं के साथ हुई। वेबिनार में लगभग 294 बेटियों की सहभागिता रही।

Jainism in Gen Z:

श्रीमती कुमकुम जी संचेती द्वारा गीतिकाओं का शब्दार्थ एवं भावार्थ सहित प्रभावी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में लगभग 20–25 बेटियां नियमित रूप से भाग लेकर जैन दर्शन की गहराई को समझ रही हैं।

संगठन यात्रा – साउथ ज़ोन:

5 अप्रैल को साउथ ज़ोन कन्या मंडल की संगठन यात्रा सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसमें लगभग 100 कन्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुश्री सुरभि बोथरा द्वारा नमस्कार महामंत्र से हुई, जिसके बाद एक रोचक आइस-ब्रेकिंग एक्टिविटी ने सभी प्रतिभागियों में ऊर्जा का संचार किया और आपसी जुड़ाव को और मजबूत बनाया।

इस अवसर पर सुश्री झलक ने पिछले छह महीनों की उपलब्धियों और प्रगति को दर्शाती हुई एक प्रेरणादायक प्रस्तुति दी। विशेष रूप से, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुमन नाहटा ने अपने जन्मदिन, 5 अप्रैल के अवसर पर ऑनलाइन जुड़कर सभी का उत्साहवर्धन किया, जिस पर सभी कन्याओं ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। आयोजित चर्चा सत्र में प्रतिभागियों को अपने विचार साझा करने और नई सीख प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सुश्री खुशबू दुगड़ द्वारा संचालित "Guess the Personality" क्विज़ रहा, जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस दौरान कन्या मंडल राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती हेमा चोरड़िया ने अधिवेशन, पंच परमेष्ठी गीतिकाओं एवं पच्चीस बोल की कक्षाओं की जानकारी दी, जबकि सह संयोजिका श्रीमती जयश्री जोगड़ ने आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन साउथ ज़ोन संयोजिका श्रीमती रुचिका पटावरी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया एवं अंत में आभार व्यक्त किया गया।

इंटरनेशनल ज़ोन संगठन यात्रा:

4 अप्रैल को ज़ूम के माध्यम से इंटरनेशनल ज़ोन की संगठन यात्रा सफलतापूर्वक आयोजित की गई, जिसमें 40 सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुश्री खुशी भंसाली द्वारा मंगलाचरण से हुई, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मकता और शांति का संचार हुआ।

इस अवसर पर कन्या मंडल राष्ट्रीय संयोजिका श्रीमती हेमा चोरड़िया ने आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी को सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण उनके द्वारा प्रस्तुत प्रेरणादायक कथा रही, जिसमें भारतीय इतिहास और त्योहारों के महत्व को रोचक एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया।

पूरे कार्यक्रम का संचालन अंतरराष्ट्रीय संयोजिका सुश्री जागृति छाजेड़ द्वारा सुंदरता से किया गया तथा अंत में उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

संगम "विराट युवती सम्मेलन": अनुभवों की अभिव्यक्ति

अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा आयोजित युवती सम्मेलन- एक ऐसा यादगार सफर रहा जिसे हम हर साल अपनी यादों में जोड़ना चाहेंगे। नए सोच नए उमंगों के साथ, एक नया इतिहास रचा है।
सुसज्जित व्यवस्था, और एक प्यार भरा प्रांगण, और एक पवित्र धरती पर सभी का समावेश। संभव हुआ अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा।आप सभी का आभार बारंबार।

इस्लामपुर महिला मंडल (युवती विभाग)

सं - संगीतमयी
ग - गरिमापूर्ण
म - मजेदार
वि - विलक्षण
रा - मार्गदर्शक
ट - टाइम बाउंड
यु - युवाशक्ति से परिपूर्ण
व - वर्चस्वी नेतृत्व
ती - तीक्ष्णबुद्धि से संपन्न

सम्मेलन
"संगम" विराट युवती सम्मेलन सचमुच अद्भुत, प्रेरणादायक और अविस्मरणीय अनुभव रहा।
